सार-समाचार

सड़क निर्माण कार्य की गुणवत्ता का निरीक्षण

जालोर (निसं)। जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के गावंडे ने बुधवार को आहोर क्षेत्र के वेदाणा ग्राम में सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा निर्माणाधीन सड़क का औचक निरीक्षण कर निर्माण कार्य की गुणवत्ता देखी। जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने वेदाणा ग्राम में निर्माणाधीन सड़क के निरीक्षण के दौरान उन्होंने सड़कों की गुणवत्ता बनाए रखने हेतु पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया। जिला कलैक्टर ने उम्मेदपुर ग्राम में पेयजल समस्या को लेकर प्राप्त हो रहे परिवादों के संबंध में आमजन से फीडबैक लेते हुए समस्या निस्तारण के निर्देश दिए। इस दौरान पीएचईडी के अधीक्षण अभियंता संजय शर्मा, सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता शंकरलाल सुथार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

हिंदू समाज को संगठित रहने का आव्हान

सांचौर(निसं)। उपखंड के तत्वाधान में संत महात्माओं के सानिध्य में राष्ट्रीय स्वयं संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष में श्री मेडी वाले मामा जी महाराज के पावन प्रांगण बालेरा ग्राम में 8 फरवरी 2026 को विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन संपन्न हुआ। जिसमें महंत श्री पूनमारामजी महाराज जालेश्वर मठ सरवाना ने हिंदू समाज को संगठित रहने तथा सनातन सांस्कृतिक संस्कारों को अपनाने की प्रेरणा दी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला ग्राम विकास प्रमुख श्री ओखाराम जी ने अपने बौद्धिक में कहां की राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को 100 वर्ष पूर्ण हुए है। संघ निरंतर हिंदू समाज को संगठित करने राष्ट्रीय गौरव की रक्षार्थ कार्य कर रहा है। संघ की अपेक्षा है कि संत महात्माओं के सानिध्य में हिंदू सम्मेलन के माध्यम से समाज में पंच परिवर्तन अपनाने तथा सनातन सांस्कृतिक मूल्यों को सशक्त बनाने का कार्य होगा तथा संगठित समाज से राष्ट समर्थ बनेगा। सम्मेलन में उपस्थित बालेरा ,सरवाना, भाटकी,नलधरा,वरणवा, के समस्त समाज बंधुओ का हार्दिक आभार आयोजन समिति के संयोजक श्री पारसाराम जी पुरोहित ने व्यक्त किया तथा व्यवस्था प्रमुख पूर्व सरपंच श्री धुडाराम जी पुरोहित ने हिंदू समाज को संगठित रहने तथा हिंदू हित के कार्य करने का संकल्प दिया। सम्मेलन में महंतश्री पूनम नाथ जी महाराज किर्तेश्वर महादेव मंदिर दांतिया , महंत श्री राम गर जी महाराज मुलेश्वर मंदिर शिव शक्ति नगर, पूज्य श्री वचना राम जी सरवाना का परम सानिध्य और आशीर्वाद प्राप्त हुआ।

प्रक्षेत्र दिवस का आयोजन

जालोर, (कासं)। कृषि विज्ञान केंद्र केशवना जालोर के तत्वावधान में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन तिलहन योजना के तहत थांवला ग्राम में सरसों की फसल पर प्रक्षेत्र दिवस का आयोजन किया गया। केन्द्र के शस्य वैज्ञानिक बिरम सिंह गुर्जर ने बताया कि केंद्र द्वारा विराणा ग्राम में कुल 10 हेक्टेयर क्षेत्रफल के लिए 25 .षको के यह प्रदर्शन लगाए गए। उन्होंने बताया कि सरसों की उन्नत किस्म बृजराज (डीआरएमआरआईसी-16-38) जिसकी औसत उपज 17-18 क्विंटल प्रति हेक्टेयर है तथा यह किस्म 130-132 दिनों में पककर तैयार हो जाति है। इस प्रदर्शन में बीज उपचार ट्राईकोडर्मा से किया गया। यह किस्म अच्छी पैदावार और तेल की मात्रा के लिए किसानों में काफी लोकप्रिय है साथ ही इसके पौधे मजबूत और फलियों का विकास अच्छा हुआ है। प्रक्षेत्र दिवस पर कुल 45 कृषकों ने भाग लिया।

'बजट में जालोर को मिली निराशा, भाजपा ने सराहा तो कांग्रेस ने बताया नकारा'

जालोर (निसं) । राजस्थान विधानसभा में बुधवार को उप मुख्यमंत्री व वित्त मंत्री दिया कुमारी ने राज्य बजट 2026-27 प्रस्तुत किया। बजट में इस बार जालोर जिले के लिए निराशाजनक रहा। वही भाजपा ने बजट की सराहना की वही कांग्रेस ने बजट को नकारा बताया।

केन्द्र सरकार के निराशाजनक बजट के बाद बुधवार को प्रदेश के बजट ने भी जिले को निराश किया। बजट को लेकर लोगो में प्रक्रिया देखी गई कि इस बार बजट में जालोर जिले को कोई महत्वपूर्ण घोषणा नही की। जिससे जालोर के विकास को पंख नही लग पायेगे। जालोर में मेडिकल कॉलेज, नून हवाई पटटी का विकास, सुन्देलाव तालाब में सिवरेज समस्या हल, बिजली, पानी, स्वास्थ्य सहित कई समस्याओं का समाधान इस बजट में नजर नही आया। वही बजट केवल घोषणाओं को पिटारा रहा, जिससे इस बजट से आमजन को किसी प्रकार से

> ■ बजट को लेकर लोगो में प्रक्रिया देखी गई कि इस बार बजट में जालोर जिले को कोई महत्वपूर्ण घोषणा नही की

लाभ होने वाला नही है। कांग्रेस नेताओं ने बताया कि बजट केवल मात्र कागजी तैयार किया गया है। जालोर के लिए बजट में किसी प्रकार की घोषणा नही करना जनप्रतिनिधियों की कमजोर पैरवी रहा है।

जालोर विधायक विधानसभा में मुख्य सचेतक होने के बाद भी अपने विधानसभा क्षेत्र में कोई बडी घोषणा नही करवा सके। वही भाजपा के नेताओं ने बताया कि बजट विकास को आगे बढने वाला है। सार्वजनिक निर्माण विभाग के तहत आहोर, बागरा, सांचोर, रानीवाडा और जालोर क्षेत्र में विभिन्न सडकों के निर्माण व उन्नयन की घोषणाएं की गई हैं। राज्य राजमार्गों के सुदृढीकरण के लिए रोहिट से आहोर व बागरा तक सडक निर्माण करना, इसके अलावा नर्मदा नहर परियोजना के तहत जल संचयन व भंडारण क्षमता बढाने, डीपीआर तैयार करने तथा बांध-नहरों के जीर्णोद्धार के लिए भी बजट प्रावधान किया गया है। आहोर के थुम्बा व जालोर के बावतरा में उप स्वास्थ्य केन्द्र खोलने की घोषणा के साथ आहोर में नवीन खेल स्टेडियम का निर्माण की घोषणा की गई है। सांचोर नगर पालिका में 5 करोड रुपये की लागत से एसटीपी (सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट) बनेगा। उनेरी (सायला) से जालोर तक 33/11 केवी जीएसएस निर्माण कार्य भी स्वीकृत किया गया है। सांचोर में सहायक निदेशक कृषि (विस्तार) कार्यालय की स्थापना होगी। आनर मंडी जीवाणा (जालोर) में मूलभूत सुविधाओं का विकास किया जाएगा। आलवाडा (सायला) में पशु चिकित्सा उपकेंद्र खोला जाएगा। जालोर में हैचरी, कोल्ड स्टोरेज व प्रोसेसिंग यूनिट से युक्त बैकयार्ड पोल्ट्री क्लस्टर स्थापित किए जाएंगे। जालोर को 'थार सांस्कृतिक सर्किट' में शामिल कर पर्यटन को बढावा दिया जाएगा।

स्लॉथ बियर संरक्षण के लिए 20 करोड रुपये खर्च किए जाएंगे तथा सांचोर-जालोर में वन्यजीव रेस्क्यू सेंटर का विकास होगा। कुल मिलाकर बजट में जालोर जिले के समग्र विकास पर विशेष ध्यान देते हुए बहुआयामी परियोजनाओं की घोषणा की गई है, जिससे क्षेत्र की आधारभूत संरचना मजबूत होने के साथ रोजगार के अवसर मिलेगे। प्रदेश के बजट में रोहिट से आहोर तक जर्जर सडक के निर्माण को लेकर प्रत्येक बजट में घोषणा की जाती रही है। लेकिन कई वर्ष बीत जाने के बाद भी सडक के निर्माण को लेकर कार्य शुरु नही हो पाया है। वही जालोर में मेडिकल कॉलेज सहित कई योजना ठण्डे बस्ते है। इस बार जालोर जिले को कई घोषणाओं की आश लगाये बैठे थे।

फोर लेन मेगा हाइवे का सपना जो दिखाया गया था, वो अधूरा है: पुखराज पाराशर

जालोर(निसं)। जन अभियोग निराकरण समिति के पूर्व अध्यक्ष पुखराज पाराशर ने कहा कि आज विधानसभा में पेश हुआ प्रदेश की भाजपा सरकार का तीसरा बजट जालोर की जनता और प्रदेश के भविष्य के साथ एक क्रूर मजाक है। यह बजट विजन से खाली और आंकडों की बाजीगरी से भरा एक दस्तावेज मात्र है।

गत सरकार ने जालोर को विकास की मुख्यधारा से जोडा था, लेकिन इस सरकार ने जिले के साथ सौतेला व्यवहार किया है। जालोर-सांचौर की पेयजल और सिंचाई की बडी जरूरतों को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है। कांग्रेस सरकार के समय की स्वीकृत योजनाओं पर ताले लगाए जा रहे हैं। जालोर जिले को पूरी तरह नजर अंदाज कर दिया गया है।

जालोर के लिए कोई बडा प्रोजेक्ट,योजना नहीं।जवाई नदी के पुनर्जीवित की योजना,ट्रांसपोर्ट नगर,जालोर की मेडिकल कॉलेज, रोहट सांचौर फोर लेन मेगा हाइवे का सपना जो दिखाया गया था, वो अधूरा है। बजट में कई जगह पूर्ववर्ती गहलोत सरकार की शानदार योजनाओं के नाम बदलकर पेश किए गए हैं। यह इस बात का प्रमाण है कि भाजपा सरकार बनने के सवा 2 साल बाद भी अपनी एक भी मौलिक सोच धरातल पर नहीं उतार पाई है। बजट में 8वें वेतन आयोग के नाम पर केवल कमेटी बनाना प्रदेश के लाखों कर्मचारियों के साथ धोखा है। युवाओं के लिए रोजगार के नाम पर केवल कागजी घोडे दौडाए गए हैं।

84 फीट ऊंचा शिवलिंग बना श्रद्धालुओं के लिए आस्था का केंद्र

मंडार(निसं)। मंडार का लीलाधारी महादेव मंदिर कस्बे की पहचान बन गया है। यह मंदिर शिवरात्रि पर हजारों श्रद्धालुओं के लिए आस्था का केंद्र होता है। मंदिर में भगवान शिव की चमत्कारी लीला के कारण आस-पास के गांवों से श्रद्धालु बडी संख्या में आते हैं। मान्यता है कि यहां भगवान शिव की पूजा से संतुष्टि और सुख मिलता है। शिवरात्रि का मेला शिवरात्रि पर मंदिर में भारी भीड़ रहती है और भजन संध्या का आयोजन किया जाता है। यहां स्थानीय भजन कलाकारों के साथ बाहर से भी कई भजन कलाकार प्रस्तुति देते हैं। दिन भर प्रसादी वितरण की जाती है। ग्रामीण क्षेत्रों में मान्यता है कि इस मंदिर में कोई भी श्रद्धालु यदि कान की बीमारी से पीडति है, तो वह दूध का रेला चढाने की मन्नत मांगता है, तो उसे कान की बीमारी से राहत मिलती है। मंदिर में बिन्दु स्वयं 84 फीट ऊंचा शिवलिंग है, जो इसे एक अद्वितीय धार्मिक स्थल बनाता है। वार्षिक मेला फाल्गुन शुक्ला एकादशी को मंदिर में वार्षिक मेला आयोजित होता है, जिसमें राजस्थान गुजरात के कई गांवों से श्रद्धालु आते हैं।

महाशिवरात्रि पर कानून व्यवस्था के लिए कार्यपालक मजिस्ट्रेट नियुक्त

जालोर(निसं)। जिला मजिस्ट्रेट डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने आदेश जारी कर फरवरी माह में 15 फरवरी को महाशिवरात्रि पर्व/त्योहार पर कानून व्यवस्था एवं लोक शान्ति बनाये रखने के लिए उपखण्ड मजिस्ट्रेटों को कार्यपालक एवं तहसीलदारों को सहायक कार्यपालक मजिस्ट्रेट नियुक्त किया है।

आदेशानुसार जिले के जालोर, सायला, आहोर, भीनमाल, जसवंतपुरा, सांचोर, रानीवाड़ा, चितलवाना व बागोड़ा उपखण्ड के लिए संबंधित उपखंड मजिस्ट्रेट कार्यपालक मजिस्ट्रेट तथा जालोर, सायला, आहोर, भाद्राजून, भीनमाल, जसवंतपुरा, सांचौर, रानीवाड़ा, चितलवाना व बागोड़ा तहसील के लिए संबंधित तहसीलदार सहायक कार्यपालक मजिस्ट्रेट होंगे। इसी प्रकार जालोर, आहोर व सायला उपखण्ड क्षेत्र के लिए अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट जालोर तथा भीनमाल, जसवंतपुरा, रानीवड़ा, सांचोर, बागोड़ा व चितलवाना उपखण्ड क्षेत्र के लिए अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट भीनमाल/सांचोर मजिस्ट्रेट को प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। उन्होंने निर्देशित किया कि कार्यपालक एवं सहायक कार्यपालक मजिस्ट्रेट अपने सम्पूर्ण कार्य क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाये रखेंगे एवं कोई भी कार्यपालक व सहायक कार्यपालक मजिस्ट्रेट उक्त पर्वों पर अपना कार्यक्षेत्र नहीं छोड़ेंगे तथा अवकाश पर नहीं जायेंगे। वे अपने-अपने क्षेत्र में कानून व्यवस्था आदि के बारे में पुलिस अधिकारियों से विचार-विमर्श कर कानून व्यवस्था एवं लोक-शांति संबंधी सुरक्षात्मक उपाय सुनिश्चित करेंगे।

अवेयरनेस वर्कशॉप का आयोजन

जालोर । जालोर शहर की धवला रोड़ स्थित केंद्रीय विद्यालय परिसर में बुधवार को देश में मनाए जा रहे सुरक्षित इंटरनेट सप्ताह के क्रम में अवेयरनेस वर्कशॉप का आयोजन किया गया। जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी लादेश शर्मा ने बताया कि इस वर्कशॉप में उपस्थित विद्यालय कार्मिकों एवं छात्र-छात्राओं को डिजिटल दुनिया के विभिन्न आयामों के बारे में विस्तार से बताया गया। वर्कशॉप के दौरान छात्र-छात्राओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की असीम संभावनाओं, डिजिटल बैंकिंग सुरक्षा, इंटरनेट के सुरक्षित इस्तेमाल इत्यादि के बारें में व्याख्यान दिया गया।

महिलाओं के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

जालोर(निसं)। कृषि अनुसंधान केंद्र, केशवना, जालोर (कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर) के तत्वावधान में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की परियोजना 'राजस्थान के शुष्क क्षेत्र के किसानों की आजीविका सुरक्षा बढाने के लिए कैर, मोरिंगा एवं नागौरी मेथी के मूल्य संवर्धन, और हार्वेस्टर का डिजाइन व विकास'' के तहत जालोर जिले की ग्रामीण महिलाओं के लिए कैर, मोरिंगा एवं नागौरी मेथी के मूल्य संवर्धन के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारम्भ बुधवार को किया गया। शुभारम्भ समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जालोर के सचिव अहसान अहमद व क्षेत्रीय निदेशक अनुसंधान डॉ. दिलीप कुमार उपस्थित रहे। परियोजना प्रभारी

> ■ मोरिंगा एवं नागौरी मेथी के विभिन्न मूल्य संवर्धित उत्पादों को लेकर विस्तृत जानकारी दी

डॉ. सरेश एन.वी. एवं परियोजना सह प्रभारी डॉ. ए.एस.गोदारा ने उपस्थित महिलाओं को कैर, मोरिंगा एवं नागौरी मेथी के विभिन्न मूल्य संवर्धित उत्पादों को लेकर विस्तृत जानकारी दी। डॉ. अर्जुनलाल बिजारणिया ने उत्पादों द्वारा आय बढ़ाने एवं इनके अधिक उत्पाद बनाने के लिए प्रेरित किया। परियोजना के अंतर्गत मूल्य संवर्धित उत्पादों को बनाने के लिए सामग्री एवं उपकरण भी उपलब्ध करवाए गए। कार्यक्रम में 36 महिलाओं ने भाग लिया।

हज यात्रियों का टीकाकरण, मेडिकल व प्रशिक्षण सम्पन्न

पाली(निसं)। राजस्थान स्टेट हज कमेटी के आदेशानुसार हज 2026 के लिए चयनित पाली जिले के 61 हज यात्रियों का टीकाकरण,मेडिकल एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम पुराना बस स्टैंड स्थित मुस्लिम मुसाफिर खाना में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का आयोजन हज यात्रा को सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं सुचारु बनाने के उद्देश्य से किया गया। राजस्थान स्टेट हज कमेटी के हज ट्रेनर पूर्व पार्षद आमीन अली रंगरेज ने शिविर में हज यात्रियों को हज सुविधा ऐप तथा स्मार्टवाच की जानकारी दी। रंगरेज ने बताया कि केम्प में हाजियों का टीकाकरण किया गया तथा उनकी मेडिकल जांच कर मेडिकल डायरी दी गई। साथ ही यात्रियों को हज से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां एवं दिशा-निर्देश प्रदान किए। प्रशिक्षण सत्र में उलेमाओ काज़ी इकरामुद्दीन जोधपुर, हाजी अब्दुल जब्बार जोधपुर, हज ट्रेनर आमीन अली रंगरेज पाली, हाजी मोहम्मद साबिर राजसमन्द, कयूम मोदी जोधपुर ने हज की प्रक्रिया, एहतियात, अनुशासन एवं यात्रा के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों की विस्तृत जानकारी दी। टीकाकरण एवं मेडिकल जांच का कार्य जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की डॉ उजमा जबीन एवं मेडिकल टीम द्वारा किया गया।

सत्तरभेदी पूजा व महामांगलिक के साथ सम्पन्न होगा प्रतिष्ठा महोत्सव

पाली(निसं)। विराट गुरु पावन धाम में बुधवार को जगद्गुरु, अध्यात्म योगी,आचार्य सम्राट 1008 पूज्य गुरुदेव श्रीविजय शांतिसुरीश्वरजी दादा गुरुदेव की प्रतिष्ठा आचार्य जयानन्द सुरीश्वर,आचार्य चिदानन्द सूरीश्वर सहित सन्त व साध्वी मंडल की शुभ निश्रा में प्रतिष्ठा की गई।

इस अवसर पर प्रभु पार्श्वनाथ,देवी पद्मावती व माता सरस्वती भी प्रतिष्ठित होकर विराट गुरु धाम में विराजमान हुई। आयोजन समिति के मीडिया संयोजक रितेश छाजेड़ एवं अभिषेक श्रीमाल ने बताया कि बताया कि विराट गुरु धाम में आचार्य भगवंतों एवम विधिकारक जसवंत जैन ने विधि विधान से सभी क्रियाओं को सम्पन्न करवाकर प्राण प्रतिष्ठा करवाई। गुरुवार प्रात: सत्तरभेदी पूजा व महामांगलिक आयोजन के साथ तीन दिवसीय प्रतिष्ठा महोत्सव सम्पन्न होगा।

समिति के कमल तलेसरा एवं अभिषेक गुलेच्छा ने बताया कि प्रतिष्ठा महोत्सव में पाली,सोजत, जोधपुर, दिल्ली, अहमदाबाद, रतलाम, मुम्बई, पूना बेंगलोर के अलावा दुबई से आये श्रद्धालुओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया , आयोजन स्थल पर पहुंचने के लिए शहर के विभिन्न स्थानों से बसो की व्यवस्था की गई जिसमे हजारो श्रद्धालु दर्शनार्थ पहुंचे, कार्यक्रम में शहर के विभिन्न ट्रस्टों, युवा व महिला मंडलो के पदाधिकारीयो सहित श्री संघ सभा व देवका पेढ़ी के गणमान्य भी मौजूद रहे। इस अवसर पर लाभार्थी परिवारों व अतिथियो का चरम मंगल विराट शान्ति निलय समकित सेवा समिति द्वारा बहुमान किया गया।आयोजन समिति द्वारा प्रत्येक पूनम को विराट गुरु धाम में भक्ति कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया।

अग्रसेन वाटिका में वृंदावन भवन का धूमधाम से हुआ उद्घाटन

पाली (निसं) । श्री अग्रवाल पंचायत की ओर से नवनिर्मित भवन वृंदावन का उद्घाटन परम श्रद्धेय गोवत्स श्री राधा कृष्ण जी महाराज के कर कमलों से हुआ। मुख्य अतिथि श्रीमान प्रकाश चंद जी गुप्ता, अखिल भारतीय संगठन मंत्री लघु उद्योग भारती, श्री डॉ. राम गोयल, प्रांत अध्यक्ष विश्व हिंदू परिषद जोधपुर, श्रीमान ज्ञानचंद जी पारख समाजसेवी पाली एवं विशिष्ट अतिथि विनीता जी खेतावत, राष्ट्रीय अध्यक्ष अग्रवाल महिला सम्मेलन के आतिथ्य में संपन्न हुआ। अग्रवाल पंचायत के सुनील पोद्दार एवं नीलम बंसल ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत में समाज की समस्त महिलाओं के द्वारा कलश यात्रा से प्रारंभ हुआ। हवन की पूर्णाहुति एवं पूजा आरती में समाज के बंधुओ ने भाग लिया। तत्पश्चात न्यातिभोज में पूरे अग्रवाल समाज पाली के पूरे राजस्थान से पधारे अग्रवाल समाज के पदाधिकारी एवं पाली के अन्य सभी समाज, सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने भोजन प्रसादी का आनंद लिया। पूरे न्यात के भोजन की व्यवस्था का भार श्री अग्रवाल मंडल पाली के अध्यक्ष जितेंद्र अग्रवाल एवं उनकी पूरी टीम ने संभाल कर व्यवस्था स्थित ढंग से संपन्न किया। अग्रवाल पंचायत के अध्यक्ष सुनील गुप्ता ने बताया कि उद्घाटन समारोह के पश्चात कल से भवन शादी समारोह एवं विभिन्न कार्यक्रमों के लिए उपलब्ध है। जो समय पर नियमानुसार बुकिंग करा कर अपना कार्यक्रम कर सकते हैं।

अरुण कुमार को 25 में से 25 अंक

जोधपुर (निसं)। उत्तर पश्चिम रेलवे, जोधपुर रेल मंडल के मंडल परिसर में बुधवार को अंतरराष्ट्रीय महिला एवं बालिका विज्ञान दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर अधिकारियों, कर्मचारियों तथा महिला रेल कर्मचारियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। मंडल रेल प्रबंधक अनुराग त्रिपाठी ने बताया कि यह दिवस प्रतिवर्ष 11 फरवरी को संयुक्त राष्ट्र द्वारा मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि रेल जोधपुर रेल मंडल परिसर में महिला रेल कर्मियों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए विज्ञान आधारित प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता कुल 25 अंकों की थी, जिसमें वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक हितेश यादव एवं वरिष्ठ अनुभाग अभियंता (ईएनएचएम) अरुण कुमार ने 25 में से 25 अंक प्राप्त किए।

एम्पलॉयबिलिटी स्किल्स ट्रेनिंग प्रोग्राम का समापन

जालोर(निसं)। श्री राजेन्द्र सूरि कुन्दन जैन राजकीय महिला महाविद्यालय जालोर में छात्राओं के कौशल विकास के लिए नान्दी फाउंडेशन की विशेष पहल 'महिन्द्रा प्राइड क्लासरूम' के अन्तर्गत आयोजित 06 दिवसीय 'एम्पलॉयबिलिटी स्किल्स ट्रेनिंग प्रोग्राम' का सफल समापन हुआ। राजकीय महिला महाविधालय में एम्पलॉयबिलिटी स्किल्स ट्रेनिंग प्रोग्राम' 4 से 11 फरवरी 2026 तक चले इस शिविर में छात्राओं को पेशेवर दुनिया की बारीकियों से रूबरू कराया गया। जिसमें से प्रमुख कौशल प्रशिक्षण के दौरान छात्राओं को आधुनिक कॉर्पोरेट जगत की आवश्यकताओं के अनुसार तैयार किया गया। इसमें मुख्य रूप से निम्नलिखित विषयों पर सत्र आयोजित किए गए। महाविद्यालय प्रशासन ने इस कार्यक्रम की मुख्य प्रशिक्षिका तबस्सुम बानो के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें प्रशंसा पत्र भेंट किया। उनके सरल और प्रभावी शिक्षण के तरीके ने छात्राओं को न केवल नई चीजें सीखने के लिए प्रेरित किया, बल्कि उनके आत्मविश्वास में भी अभूतपूर्व वृद्धि की। छह दिवसीय इस प्रमाणित कार्यक्रम में छात्राओं ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। कॉलेज के प्राचार्य मोहम्मद इरफान ने बताया कि नान्दी फाउंडेशन के साथ यह साझेदारी छात्राओं के भविष्य के मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से छात्राओं को किताबी ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक कौशल सीखने का अवसर मिलता है, जो आज के समय में रोजगार के लिए अत्यंत आवश्यक है। इस कार्यक्रम के समापन पर कार्यक्रम संयोजक डॉ. विक्रम टांक ने छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि स्कील इनहेन्समेंट कोर्स छात्राओं की बायोडाटा को संवर्ध करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

सम्मन बनाम मुदायलाह बिनावर कायमी तनकीयात

अज अदालत :- श्रीमान् जिला उपभोक्ता प्रतितोष आयोग, जालोर
व ईजलास् :- श्री घनश्याम यादव अध्यक्ष

प्रार्थीगण	बनाम	अप्रार्थी
मानाराम वगैरा	नवजीवन क्रेडिट कॉ - ऑपरेटिव सोसायटी लि.वगैरा	

प्रकरण संख्या 83/22

परिवाद अन्तर्गत धारा -35 उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019

मुसम्मी (1) शाखा प्रबन्धक - नवजीवन क्रेडिट कॉ ऑपरेटिव सोसायटी लिमिटेड, शाखा कार्यालय उम्मेदाबाद तहसील व जिला जालोर (02) खुमानसिंह पुत्र राणसिंह सोढा, मुख्य वित अधिकारी नवजीवन क्रेडिट को - ऑपरेटिव सोसायटी लि. निवासी आकाशणी रोड, इन्द्रिरा रोड बाडमेर जिला बाडमेर। हरगाह मानाराम व उषा देवी ने आपके खिलाफ एक परिवाद अन्तर्गत धारा -35 उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 का दायर किया है। लिहाजा बजरिये इस तहरीर के प्रार्थना - पत्र के जबावदेही के लिये तारिख पेशी 20.02.2026 को दिन 10:00 बजे अदालत हाजा मे आप या मार्फत ऐसे वकील के जो हालात मुकदमें से वाकिफ हो तथा परिवाद के अनुसार जवाब पेश कर सके आपको हिदायत दी जाती है कि उक्त परिवाद से सम्बन्धित समस्त दस्तावेज़ तारीख पेशी के दिन उपस्थित स्वयं या अपने अधिवक्ता पेश करे। तारीख पेशी पर आप स्वयं या आपका वकील न्यायालय हाजा में उपस्थित नहीं हुए तो उक्त परिवाद आपकी गैर हाजरी में सुना व फैसला किया जावेगा। बसिब्त मेरे दस्तखत व मुहर अदालत मे आज तारीख 20.01.26 को जारी किया गया।

मोहर — जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग जालोर (राज.)

सम्मन बनाम मुदायलाह बिनावर कायमी तनकीयात

अज अदालत :- श्रीमान् जिला उपभोक्ता प्रतितोष आयोग, जालोर
व ईजलास् :- श्री घनश्याम यादव अध्यक्ष

प्रार्थीगण	बनाम	अप्रार्थी
कमला वगैरा	नवजीवन क्रेडिट कॉ - ऑपरेटिव सोसायटी लि.वगैरा	

प्रकरण संख्या 82/22

परिवाद अन्तर्गत धारा -35 उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019

मुसम्मी (1) शाखा प्रबन्धक - नवजीवन क्रेडिट कॉ ऑपरेटिव सोसायटी लिमिटेड, शाखा कार्यालय उम्मेदाबाद तहसील व जिला जालोर (02) जोगेन्द्र सिंह राठौड पुत्र अर्जुन सिंहजी जरिये मुख्य प्रबधक नवजीवन क्रेडिट को - ऑपरेटिव सोसायटी लि. सुथारों का वास इन्दिरा कॉलोनी, सी.सी. रोड बाडमेर जिला बाडमेर, (03) खुमानसिंह पुत्र राणसिंह सोढा, मुख्य वित अधिकारी नवाजीवन क्रेडिट को - ऑपरेटिव सोसायटी लि. निवासी आकाशणी रोड, इन्द्रिरा रोड बाडमेर जिला बाडमेर। हरगाह कमला देवी ने आपके खिलाफ एक परिवाद अन्तर्गत धारा -35 उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 का दायर किया है। लिहाजा आपका बजरिए इस तहरीर के प्रार्थना- पत्र के जबावदेही के लिये तारिख पेशी 20.02.2026 को दिन 10:00 बजे अदालत हाजा मे आप या मार्फत ऐसे वकील के जो हालात मुकदमें से वाकिफ हो तथा परिवाद के अनुसार जवाब पेश कर सके आपको हिदायत दी जाता है कि उक्त परिवाद से सम्बन्धित समस्त दस्तावेज तारीख पेशी के दिन उपस्थित स्वयं या अपने अधिवक्ता पेश करे। तारीख पेशी पर आप स्वयं या आपका वकील न्यायालय हाजा में उपस्थित नहीं हुए तो उक्त परिवाद आपकी गैर हाजरी में सुना व फैसला किया जावेगा। बसिब्त मेरे दस्तखत व मुहर अदालत मे आज तारीख 20.01.26 को जारी किया गया।

मोहर — जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग जालोर (राज.)

उत्तर पश्चिम रेलवे

ई- निविदा सूचना

NIT No.: 53-2025-26Non core. Dated: 11.02.2026. कार्य का नाम स्थान अवधि: Outsourcing of non-core activities at coaching Depot Jodhpur, Barmer and other C&W points of Jodhpur division. **कार्य की अनुमानित लागत:** Rs. 22,34,92,325/-. **बयाना राशि जो कि जमा करानी है:** Rs 1267500.00. **टेण्डर प्रस्तुत करने एवं टेण्डर खुलने का समय व दिनांक:** 15.00 बजे, दिनांक 03.03.2026 through E-tendering online submission on IREPS, उसी दिन तत्प. चात् खोलीजायेगी। **वेबसाईट विवरण एवं सूचना पट्ट का स्थान जहां से टेण्डर की पूर्णजानकारी देखी जा सके: http://www.ireps.in** कैववे सूचना पट्ट पर. **NOTE:** The offer can only be accepted through E-Tendering to the website of **https://www.ireps.gov.in/.** Offer in any other form will not be accepted. The tanderer/bidders must have Class-III Digital Signature Certificate & must be register on /REPS portal. Only registered tanderer/ bidders can participate on e-Tendering. All relevant paper must be uploaded at the time of participating in e-Tendering. 219-AR/26

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

कार्यालय नगर पालिका सांचौर जिला जालोर राज

क्रमांकः- न.पा.सां/भू/2025-26 दिनांक :

॥ आपत्ति विज्ञप्ति आमंत्रण पत्र ॥

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णितानुसार नगर परिषद क्षैत्र में स्थित आवासीय भूमि से व्यावसायिक भू-उपयोग परिवर्तन करने के लिए इस कार्यालय में निर्धारित प्रपत्र में आवेदन पत्र प्रस्तुत कर व्यावसायिक प्रयोजनार्थ भू-उपयोग परिवर्तन की मांग की गई है। यदि इस भू-उपयोग परिवर्तन से किसी हितबद्ध व्यक्तियों को कोई आपत्ति अथवा ऐतराज हो तो 15 दिवस ग्याद के अन्दर-अन्दर अपनी आपत्ति लिखित में प्रस्तुत कर सकते है उक्त समयावधि के पश्चात नियमानुसार भू-उपयोग परिवर्तन कर दिया जावेगा। इस प्रकार सूचित रहे।

भू-उपयोग पत्रावली

क्रं सं	आवेदक का नाम मय पता	खसरा नं./ आवेदक स्थल	आवेदक का क्षे. वर्गमीटर	वर्तमान उपयोग	आवेदित भू-उपयोग परिवर्तन
1	प्रार्थी श्री/श्रीमती SARA INFRASTRUCTIRE PRIVATE LIMITED ADD. SUBHASH NAGAR SANCHORE जरिये डायरेक्टर सुरेश कुमार पुत्र रुगनाथ राम जाति विश्नोई निवासी लाछीवाडा तहसील सांचौर जिला जालोर	माखुपुरा सांचौर खसरा सं. 3718/ 3634 के नेनावा जाने सडक मार्ग	1225	दस्तावेज अनुसार पेट्रोल पम्प	आवासीय
2	प्रार्थी श्री/श्रीमती SARA INFRASTRUCTIRE PRIVATE LIMITED ADD. SUBHASH NAGAR SANCHORE जरिये डायरेक्टर सुरेश कुमार पुत्र रुगनाथ राम जाति विश्नोई निवासी लाछीवाडा तहसील सांचौर जिला जालोर	माखुपुरा सांचौर खसरा सं. 3637/ 2779, 2778, 3717/3634 3737/3718 के नेनावा जाने सडक मार्ग	13132	दस्तावेज अनुसार मोटल प्रयोजनार्थ	आवासीय

अधिशाषी अभियन्ता नगर पालिका सांचौर

समय के साथ
जिम्मेदारियां बढ़ती जाती हैं...
इसलिए आपकी सुरक्षा भी बढ़नी चाहिए।
एक पूर्ण सुरक्षा योजना जो आपके जीवन के विभिन्न पड़ावों के साथ बढ़ती जाती है।
पेश है
एलआईसी का
बीमा कवच
यूआईएन: 512N360V01 | प्लान नं.: 887
नॉन-पार, नॉन-लिंक्ड, जीवन, व्यक्तिगत, विशुद्ध जोखिम प्लान
प्लान ऑनलाइन भी उपलब्ध है
• समान या बढ़ती बीमा राशि विकल्प
• लचीले प्रीमियम भुगतान विकल्प - एकल, नियमित या सीमित (5, 10 या 15 वर्ष)
• आजीवन जोखिम संरक्षण (100 वर्ष तक